Journal of Advances and Scholarly Researches in Allied Education
Vol. 15, Issue No. 9, October-2018, ISSN 2230-7540

# राजस्थान विधानसभा चुनाव 2013 में महिला-पुरूष मतदान का तुलनात्मक अध्ययन

**Dr. Mrs. Rajbala Saiwal[1]* Surendra Singh[2]**

[1] Principal, Dev International College, Alwar

[2] Research Scholar, Geography Department, Rajasthan University, Jaipur

***शोध परिचयः- राजनीति में मतदान की भागीदारी को सुद्रढ़ बनाने के लिए वर्तमान समय में राष्ट्रीय स्तर पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राजनीति में प्राचीन समय से ही कुछ अपवादों को छोडकर पुरूष समुदाय का वर्चस्व बना हुआ है। जबकि शासन द्वारा बनाये गये सभी नियमों कानूनों से प्रभावित होने वालों में लगभग आधा भाग महिलाओं का है। देश में लगभग 50 प्रतिशत मतदाता महिलाऐं है, जो कि चुनावी परिणामों को प्रभावित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निर्वाह करती है।***

***प्रस्तुत शोध अध्ययन इसी विचार को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।***

---------------------------------x---------------------------------

## अध्ययन क्षेत्र का संक्षिप्त परिचय

भारत देश के उत्तरी-पश्चिमी भाग में स्थित राजस्थान देश का क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा राज्य है। जिसका क्षेत्रफल 3,42,239 वर्ग किमी है, जो देश के 10.41 प्रतिशत भाग पर स्थित है। राजस्थान की उत्तरी व उत्तरी-पूर्वी सीमा पंजाब व हरियाणा से, पूर्वी सीमा उत्तरप्रदेश व मध्यप्रदेश से, दक्षिणी-पूर्वी सीमा मध्यप्रदेश तथा दक्षिणी और दक्षिणी-पश्चिमी सीमा क्रमशः मध्यप्रदेश तथा गुजरात से संयुक्त है। पश्चिमी सीमा अन्तर्राष्ट्रीय सीमा है, जो पाकिस्तान से लगती है।

राज्य की कुल जनसंख्या 6.85 करोड (2011 के अनुसार) है, जिसमें से 48.14 प्रतिशत जनसंख्या महिलाओं की है तथा 51.86 प्रतिशत जनसंख्या पुरूषों की है। जनसंख्या घनत्व 200 व्यक्ति/ज्ञड2 है। राज्य में कुल 33 जिलें तथा 200 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र है।

## शोध का उद्देश्य

प्रस्तुत शोध का उद्देश्य अध्ययन क्षेत्र में महिला व पुरूष मतदान का अलग-अलग अध्ययन कर, इनका तुलनात्मक रूप से अध्ययन प्रस्तुत करना है।

## विधि तंत्रः-

प्रस्तुत शोध पत्र में विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त प्राथमिक आंकडो जैसे व्यक्तियों का साक्षात्कार, प्रश्नावली भराना इत्यादि तथा द्वितीयक आंकडो जैसे राजस्थान विधानसभा चुनाव 2013 में हुआ महिला-पुरूष मतदान, जनसंख्या संबंधी आंकडो इत्यादि को समान्तर माध्य, गणितीय माध्य, मानक विचलन, विचलन गुणांक Z- स्कोर, सह-सम्बन्ध गुणांक इत्यादि सांख्यिकीय विधियों का प्रयोग कर इन्हें उपयोगी व तुलनात्मक बनाने का प्रयास किया गया है।

## परिकल्पनाऐं-

प्रस्तुत शोध में निम्नलिखित परिकल्पनाओं की सत्यता/असत्यता को सिद्व करने का प्रयास किया गया है-

- पुरूष मतदान महिला मतदान से अधिक रहता है।
- महिला आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र में महिला मतदान अधिक रहता है।

**शोध अध्ययनः-**

**(अ) महिला-पुरूष मतदान-**

तालिका संख्या 1.1 में राजस्थान के विभिन्न विधानसभा चुनावों में मतदान की सामान्य तस्वीर को प्रदर्शित किया गया है। तालिकानुसार वर्ष 1972 से पूर्व महिला एवं पुरूष मतदान को पृथक नही रखा जाता था। वर्ष 1972 में कुल 80.35 लाख मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था, इनमें से 46.64 लाख पुरूष तथा 33.71 लाख महिला मतदाताओं ने मतदान किया था। वर्ष 1977 में कुल 84.34 लाख मतदाताओं ने वोट डाले, इनमें से 47.85 लाख पुरूष व 36.49 लाख महिलाऐं थी। इसी प्रकार वर्ष 2003 में कुल 227.95 लाख मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, इसमें से 123.82 लाख पुरूष तथा 104.13 लाख महिला मतदाता थी।

इसी प्रकार वर्ष 2013 के विधानसभा चुनावों में कुल 306.37 लाख मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिनमें से 160.71 लाख पुरूष एवं 145.66 लाख महिला मतदाता थी। समय के साथ सभी प्रकार के मतदान में वृद्वि हो रही है।

**तालिका संख्या 1.1**

**मतदान की सामान्य तस्वीर**

**(लाख में)**

| चुनाव वर्ष | पुरूष मतदान | महिला मतदान | कुल मतदान |
|---|---|---|---|
| 1972 | 46.64 | 33.71 | 80.35 |
| 1977 | 47.85 | 36.49 | 84.34 |
| 1980 | 54.04 | 40.18 | 94.22 |
| 1985 | 66.85 | 48.66 | 115.50 |
| 1990 | 86.84 | 63.91 | 150.75 |
| 1993 | 98.37 | 74.24 | 172.61 |
| 1998 | 106.97 | 84.04 | 191.01 |
| 2003 | 123.82 | 104.13 | 227.95 |
| 2008 | 128.66 | 112.51 | 241.17 |
| 2013 | 160.71 | 145.66 | 306.37 |

स्त्रोतः आंकड़ो का समाकलन लेखक द्वारा गणित है।

**(ब) महिला-पुरूष मतदान की तुलना-**

महिला एवं पुरूष मतदान में अन्तर को स्पष्ट करनें के लिए महिला एवं पुरूष मतदान के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों को वर्गीकृत किया गया है। मतदान प्रतिषत के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों के छः वर्ग बनाये है।

तालिका संख्या 1.2 में वर्ष 2013 के चुनाव में पुरूष एवं महिला मतदान का तुलनात्मक अध्ययन प्रदर्शित किया गया है। तालिकानुसार प्रथम वर्ग में 65.00 प्रतिशत से कम मतदान वाले निर्वाचन क्षेत्रों को रखा गया है। इस वर्ग में पुरूष मतदान के 8 (4.00 प्रतिशत) तथा महिला मतदान के भी 8 (4.00 प्रतिशत) निर्वाचन क्षेत्र अंकित हुए है। दूसरे वर्ग में 65.01 से 70.00 प्रतिशत तक के मतदान वाले निर्वाचन क्षेत्रों को रखा गया है। इस वर्ग में पुरूष मतदान के 39 (19.50 प्रतिशत) तथा महिला मतदान के 23 (11.50 प्रतिशत) निर्वाचन क्षेत्र अंकित हुए है। तीसरे वर्ग में 70.01 से 75.00 प्रतिशत तक मतदान वाले निर्वाचन क्षेत्रों को रखा गया है। इस वर्ग में पुरूष मतदान के 47 (23.50 प्रतिशत) तथा महिला मतदान के 54 (27.00 प्रतिशत) निर्वाचन क्षेत्र अंकित हुए है। चैथे वर्ग में 75.01 से 80.00 प्रतिशत तक मतदान वाले निर्वाचन क्षेत्रों को रखा गया है। इस वर्ग में पुरूष मतदान के 62 (31.00 प्रतिशत) तथा महिला मतदान के 70 (35.00 प्रतिशत) निर्वाचन क्षेत्र अंकित हुए है।

पांचवे वर्ग में 80.01 से 85.00 प्रतिशत तक के मतदान वाले निर्वाचन क्षेत्रों को रखा गया है। इस वर्ग में पुरूष मतदान के 34 (17.00 प्रतिशत) तथा महिला मतदान के 39 (19.50 प्रतिशत) निर्वाचन क्षेत्र अंकित हुए है। छठे वर्ग में 85.01 प्रतिशत से अधिक मतदान वाले निर्वाचन क्षेत्रों को रखा गया है। इस वर्ग में पुरूष मतदान के 10 (5.00 प्रतिशत) तथा महिला मतदान के 6 (3.00 प्रतिशत) निर्वाचन क्षेत्र अंकित हुए है।

उक्त विश्लेषण से यह तथ्य स्पष्ट होता है कि न्यून मतदान वर्गो में महिला मतदान के अधिक तथा पुरूष मतदान के कम निर्वाचन क्षेत्र रहते है, लेकिन विधानसभा चुनाव 2013 में स्थिति इसके बिल्कुल विपरीत देखने को मिली। फिर भी इससे स्पष्ट होता है कि महिला मतदान पुरूष मतदान की तुलना में कम रहता है।

इस चुनाव में एक अच्छी बात यह रही कि महिला मतदान में सापेक्षित वृद्धि देखने को मिली है अर्थात् महिला मतदान पुरूष मतदान से कम तो रहा है, परन्तु यह कमी बहुत कम रही है, अर्थात् मध्य के लगभग दो वर्गों को छोडकर महिला एवं पुरूष मतदान के निर्वाचन क्षेत्र लगभग बराबर रहे है। यह तथ्य बढते महिला मतदान एवं राजनीतिक जागरूकता का संकेत है।

**तालिका संख्या 1.2**

**पुरूष एवं महिला मतदान (2013)**

| वर्ग मतदान प्रतिशत | पुरूष | | महिला | |
|---|---|---|---|---|
| | क्षेत्रों की संख्या | प्रतिशत | क्षेत्रों की संख्या | प्रतिशत |
| 65.00 से कम | 8 | 4.0 | 8 | 4.0 |
| 65.01 से 70.00 | 39 | 19.5 | 23 | 11.5 |
| 70.01 से 75.00 | 47 | 23.5 | 54 | 27.0 |
| 75.01 से 80.00 | 62 | 31.0 | 70 | 35.0 |
| 80.01 से 85.00 | 34 | 17.0 | 39 | 19.5 |
| 85.01 से अधिक | 10 | 5.0 | 6 | 3.0 |
| योग | 200 | 100.00 | 200 | 100.00 |

स्त्रोतः आंकड़ो का समाकलन लेखक द्वारा गणित है।

**(स) संभाग स्तर पर महिला-पुरूष मतदान की तुलना-**

पुरूष एवं महिला मतदान के तुलनात्मक अध्ययन को और अधिक स्पष्ट करने के लिए प्रदेश के विभिन्न संभागों में पुरूष एवं महिला मतदान पर दृष्टिपात किया गया है।

**तालिका संख्या 1.3**

**संभागवार महिला एवं पुरूष मतदान प्रतिशत में (2013)**

| संभाग | पुरूष | महिला | अन्तर |
|---|---|---|---|
| जयपुर | 72.78 | 76.13 | −3.35 |
| अजमेर | 73.71 | 73.91 | −0.20 |
| कोटा | 78.95 | 75.12 | 3.83 |
| बीकानेर | 79.80 | 80.04 | −0.24 |
| उदयपुर | 75.48 | 77.76 | −2.28 |
| जोधपुर | 72.02 | 73.73 | −1.71 |
| भरतपुर | 71.72 | 72.02 | −0.30 |
| **योग** | **74.92** | **75.57** | **−0.65** |

स्त्रोतः आंकड़ो का समाकलन लेखक द्वारा गणित है।

तलिका संख्या 1.3 में प्रदेश में संभागवार वर्ष 2013 में सम्पन्न विधानसभा चुनावों के महिला एवं पुरूष मतदान को प्रस्तुत किया गया है। वर्ष 2013 में औसत पुरूष मतदान 74.92 प्रतिशत रहा, जबकि महिला मतदान 75.57 प्रतिशत रहा है। दोनों के मध्य -0.65 प्रतिशत का अन्तर रहा है। सर्वाधिक पुरूष मतदान बीकानेर संभाग में 79.80 प्रतिशत रहा है। जबकि सर्वाधिक महिला मतदान भी बीकानेर संभाग में ही 80.04 प्रतिशत रहा है।

सबसे कम पुरूष मतदान भरतपुर संभाग में 71.72 प्रतिशत एवं महिला मतदान भी सबसे कम भरतपुर संभाग में 72.02 प्रतिशत रहा है। महिला एवं पुरूष मतदान में अन्तर पर दृष्टिपात करने पर स्पष्ट होता है कि कोटा संभाग में सर्वाधिक 3.83 प्रतिशत रहा है, इसके पश्चात् दूसरा स्थान -0.20 प्रतिशत के अन्तर के साथ अजमेर संभाग का आता है। महिला-पुरूष मतदान में सबसे कम अन्तर -3.35 प्रतिशत जयपुर संभाग में रहा है। जयपुर संभाग में महिला मतदान पुरूष मतदान से सभी संभागों में अधिक रहा है।

उपरोक्त तालिका 1.3 को देखने से यह तथ्य स्पष्ट होता है कि महिला मतदान सभी संभागों में पुरूष मतदान की तुलना में अधिक रहा है। कोटा संभाग इस दृष्टि से अपवाद है, क्योंकि यहां महिला मतदान पुरूष मतदान की तुलना में कम रहा है। सभी संभागों में (कोटा संभाग को छोडकर) महिला मतदान पुरूष मतदान की तुलना में अधिक होने से यह तथ्य प्रकट होता है कि महिलाऐं अब अपने राजनीतिक अधिकार के प्रति अधिक जागरूक हो रही है।

**शोध निष्कर्षः-**

उपर्युक्त अध्ययन और विश्लेषण से अध्ययन क्षेत्र में निम्न निष्कर्ष प्राप्त होते है-

1. राजस्थान विधानसभा चुनाव 2013 में महिला मतदान पुरूष मतदान की अपेक्षा अधिक रहा है।
2. सर्वाधिक महिला मतदान बीकानेर संभाग में तथा सर्वाधिक पुरूष मतदान भी बीकानेर संभाग में दर्ज हुआ है।
3. अन्तर की दृष्टि से सर्वाधिक महिला मतदान जयपुर संभाग में दर्ज किया गया है।
4. सबसे कम महिला-पुरूष मतदान भरतपुर संभाग में दर्ज किया गया।
5. सर्वाधिक महिला-पुरूष मतदान के निर्वाचन क्षेत्र 75.01 से 80.00 प्रतिशत मतदान के बीच दर्ज हुए।

## संदर्भ सूची-


1. जनगणना प्रतिवेदन 2011, राजस्थान

2. Vidhan Sabha Election in Rajasthan Statistical Information's-2013

3. आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय, राजस्थान

4. राजनीतिक भूगोल, रस्तोगी पब्लिकेषन्स मेरठ-डॉ. हरि मोहन सक्सेना


---


**Corresponding Author**

**Dr. Mrs. Rajbala Saiwal***

Principal, Dev International College, Alwar